बिहार बजट 2022-23

चर्चा में क्यों?

28 फरवरी, 2022 को बिहार के वित्तिमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने वर्ष 2022-23 के लिये बजट प्रस्तुत किया।

प्रमुख बिंदु

- बिहार बजट 2022-23 छ: सूत्रों- स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग में निवेश, कृषि एवं संबंधित क्षेत्र, आधारभूत संरचना (ग्रामीण एवं शहरी) तथा विभिन्न वर्गों का कल्याण पर आधारित है।
- बजट 2022-23 से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य निम्नलिखित हैं-
  - कुल व्यय - 2,37,691,19 करोड़ रुपए
    - राजस्व व्यय - 1,91,9566.7 करोड़ रुपए
    - पूंजीगत व्यय - 45,734.52 करोड़ रुपए
  - कुल प्राप्तियाँ - 2,37,891.94 करोड़ रुपए
  - राजकोषीय घाटा- 25,885.10 करोड़ रुपए (सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 3.47 प्रतिशत)
- राजकोषीय घाटे का बजट अनुमान **FRBM** अधिनियम की निर्धारित सीमा (2022-33 के लिये 4.0 प्रतिशत) के अंदर है।
- वर्ष 2022-23 के लिये राज्य की आर्थिक संवृद्धि दर 9.7 प्रतिशत अनुमानित है।
- बजट में सुशासन के अंतर्गत आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय-2 योजना के लिये वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु 500 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है।
  - निश्चय 1. युवा शक्ति-बिहार की प्रगति
  - निश्चय 2. सशक्त महिला, सक्षम महिला
  - निश्चय 3. हर खेत तक सिंचाई का पानी
  - निश्चय 4. स्वच्छ गाँव-समृद्ध गाँव
  - निश्चय 5. स्वच्छ शहर-विकसित शहर
  - निश्चय 6. सुलभ संपर्कता
  - निश्चय 7. सबके लिये अतिरिक्त स्वास्थ्य सुविधा

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-budget-2022-23